कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 24.02.2025

// प्रेस विज्ञप्ति //

कन्या महाविद्यालय की योगा विभाग की छात्राओं का विभिन्न महाविद्यालय में पन्द्रह दिवसीय योग प्रशिक्षण संपन्न

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की पीजी डिप्लोमा इन योगा में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के द्वारा नौ समूहों में योगा विषय के पाठ्यक्रम के अंतर्गत योग प्रशिक्षण कक्षा का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया तथा प्राचार्य ने बताया कि हमारे शरीर के लिये योगा अत्यन्त लाभकारी है।

डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ाधिकारी (विभागाध्यक्ष) योग विभाग की सहायक प्राध्यापक कु. खुश्बू साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि योगा विभाग की छात्राओं ने विभिन्न विद्यालयों में जाकर पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें सभी विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इसके साथ ही विद्यालय के शिक्षकगण भी योग प्रशिक्षण का लाभ उठाये।

योग की कक्षा को विद्यालय के विद्यार्थियों ने सराहना की और उन्हें लगा योग हमारे लिए बहुत जरूरी है। समस्त प्रशिक्षण प्राप्त विद्यालय के विद्यार्थियों से फीडबैक भी लिया गया की उन्हें कक्षा (योग प्रशिक्षण) कैसी लगी और उनसे फीडबैक फॉर्म भरवाये गये। फीडबैक में बच्चों ने यही इच्छा जाहिर की, कि उन्हें और भी योग सिखाना चाहिये। उन्हें लगा कि पढ़ाई के साथ-साथ हमारा सर्वांगीण विकास हो जैसे- शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास हा सके। योग विभाग के छात्राओं ने अपने प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं उन्हें छोटे-छोटे पुरस्कारों से पुरस्कृत किया। योग विभाग की छात्राएँ जिसमें कु. अंबिका, भाग्यश्री साहू, खुश्बू साहू, शैल, सुष्मिता, सुमन, चंचला, सौम्या, ज्योति, पी कल्याणी, जया सोरी, राजेश्वरी आदि 27 छात्राओं ने कक्षाएँ ली।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

GPS Map Camera
Google
Bhilai, Chhattisgarh, India
6985+64m, Supela, Bhilai, Chhattisgarh 490023, India
Lat 21.215308° Long 81.357594°
05/02/2025 10:20 AM GMT +05:30

GPS Map Camera
Google
Bhilai, Chhattisgarh, India
6985+64m, Supela, Bhilai, Chhattisgarh 490023, India
Lat 21.215314° Long 81.357544°
04/02/2025 09:25 AM GMT +05:30